जार्जटाउनमें कार सवारपर हमला कर लूटी चेन

बाइक सवार युवकोंने कारको ओवरटेक कर रोका, हिस्ट्रीशीटर सहित चार नामजद

जार्जटाउन थाना क्षेत्र के अल्लापुर में बाइक सवार युवकों ने कार रोककर उसमें सवार हेमंत कुमार सिंह और उनके दोस्तों पर हमला कर दिया। मारपीट में हेमंत के सिर पर गंभीर चोट लगी और वह बेहोश हो गए। आरोप है कि हमलावर उसकी सोने की चेन लूटकर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित ने हिस्ट्रीशीटर गप्पू समेत कई युवकों के खिलाफ जार्जटाउन थाना में एफआईआर दर्ज करायी है। पुलिस मामले की जांच करते हुए आगे की कारवाई कर रही है।

जार्जटाउन के अमरनाथ झा मार्ग निवासी हेमंत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार की रात वह दोस्तों के साथ कार से अल्लापुर स्थित नानी के घर जा रहे थे। अल्लापुर में बाइक सवार युवकों ने ओवरटेक कर उनकी कार रोक ली। आरोप है कि इसके बाद गप्पू, विशाल, करन समेत अन्य युवकों ने कार पर हमला कर शीशा तोड़ दिया और हेमंत व उनके दोस्तों को पीटने लगे। हमले में हेमंत के सिर पर गंभीर चोट लगी और वह बेहोश हो गया। आरोप है कि हमलावर पीड़ितकी सोने की चेन लूटकर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। दोस्तों ने पानी के छींटे मारी तो उसे होश आया। प्राथमिक उपचार कराने के बाद हेमंत ने जार्जटाउन थाने पहुंचकर तहरीर शिकायत की। जार्जटाउन पुलिस का कहना है कि एफआईआर दर्ज कर ली गयी है। सीसीटीवी कैमरों की मदद से मामले की जांच कर आगे की कारवाई की जा रही है।

ट्रान्सफार्मरोंपर चला साफ-सफाईका अभियान

दशहरा एवं दुर्गा पूजा पर्व के मद्देनजर नगर के विद्युत उपकेन्द्रों से जुड़े इलाकों ट्रान्सफार्मरों एवं बिजली लाइनों पर मरम्मत का कार्य तेज कर दिया हैं। इससे बिजली कटौती बढ़ने से लोगों की परेशानी बढ़ी है। बिजली विभाग के अधिकारियों ने विद्युत उपकेन्द्र के अधिकारियों को बिजली के जरूरी मरम्मत के कार्य किये जाने के निर्देश दिये हैं। सुबह ग्यारह बजे से विद्युत उपकेन्द्र के स्विच यार्ड के जरूरी मरम्मत कार्य कराये गये। नगर के अलग अलग हिस्सों तेलियरगंज, गोविंदपुर, लवकुश कालोनी, बेली में तारों के पास पेड़ों की डालियों की छटायी की गयी। इससे घंटों विद्युत व्यवधान बना रहा है। बारिश के दिनों में सबसे अधिक व्यवधान हरियाली वाले इलाकों में बनती है। इसके अलावा आगामी दशहरा और दुर्गा पर्व के मद्देनजर भी नगर के विद्युत उपकेन्द्रों के आस पास ट्रान्सफार्मरों और बिजली तारों के ऊपर से पेड़ की टहनियों को हटाया जा रहा है।

अग्रसेन जयंतीपर १८ कुण्डीय महायज्ञ, निकाली गयी शोभायात्रा

समाजमें एकता, सद्भाव, सेवा और नैतिक मूल्योंको बनाये रखें-वासुदेवानन्द

अग्रसेन जयन्ती पर नगर में विविध कार्यक्रम हुए। जहां १८ कुण्डीय महायज्ञ करके परिवार, समाज एवं राष्ट्र की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की मंगलकामना की गयी वहीं अग्रवाल समाज की ओर से शोभायात्रा निकाली गयी।

श्री अग्रसेन अग्रवाल समाज प्रयागराज द्वारा आयोजित श्री अग्रसेन जयंती समारोह-२०२६ के अंतर्गत भव्य १८ कुण्डीय महायज्ञ श्रद्धा, भक्ति एवं वैदिक परम्पराओं के अनुरूप सम्पन्न हुआ। अग्रसेन इण्टर कालेज में हुए महायज्ञ में १८ यजमान दम्पती ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां अर्पित कीं। कार्यक्रम में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती ने भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म, धार्मिक परंपराओं एवं संस्कारों के संरक्षण पर जोर देते हुए समाज में एकता, सद्भाव,



सेवा और नैतिक मूल्यों को बनाये रखने का संदेश दिया। उन्होंने प्रयागराज में अग्रसेन भवन के शीघ्र निर्माण की कामना की। विशिष्ट अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति आर के अग्रवाल, न्यायमूर्ति सुधीर नारायण अग्रवाल, न्यायमूर्ति राजेश कुमार, डाक्टर पीयूष रंजन अग्रवाल, अध्यक्ष, अग्रवाल जातीय शिक्षा परिषद, राजेश कुमार अग्रवाल मंत्री, अग्रवाल जातीय शिक्षा परिषद तथा प्रो. डाक्टर शंकर लाल गोयल की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष डाक्टर पीयूष रंजन अग्रवाल एवं जयंती संयोजक सी.ए. विनय गोयल के मार्गदर्शन में किया गया।

वहीं दूसरी ओर अग्रसेन जयंती के पावन अवसर पर रविवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। यह शोभा यात्रा अग्रसेन भवन, जीरो रोड, रुपबानी सिनेमा के पीछे से आरम्भ होकर अग्रसेन चौराहा, जीरो रोड पर पहुंची, जहां महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। सभी ने महाराजा अग्रसेन की जय-जयकार के साथ आरती की। शोभा यात्रा में अग्रवाल सभा महिला वाहिनी एवं अग्रवाल सभा के सभी पदाधिकारी डांडिया नृत्य करते हुए चल रहे थे। इस अवसर पर डाक्टर नीरज अग्रवाल, डाक्टर अशोक अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, अनुपम अग्रवाल, आशुतोष जैन, राजीव जैन, राजेश जैन, सपन जैन, राजू अग्रवाल, मोहित अग्रवाल एवं अग्रवाल महिला मंडल सहित अग्रवाल समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

उधारी रुपये मांगनेपर बुजुर्ग दुकानदारपर हमला, बेटा भी जख्मी

स्टीलके कड़ेसे सिरपर वार कर किया लहूलुहान, मुकदमा

मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र में उधार के रुपये मांगने पर एक युवक ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर पान दुकानदार और उसके ७५ वर्षीय पिता पर हमला कर दिया। आरोप है कि युवक ने स्टील के भारी कड़े से बुजुर्ग के सिर और माथे पर वार कर दिया। पिता को बचाने पहुंचे बेटे को भी हमलावरों ने पीटकर घायल कर दिया। दोनों को उपचार के लिए काल्विन अस्पताल ले जाया गया। मामले में दुकानदार पंकज चौरसिया ने बच्चा नाम के युवक और उसके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है।

मुट्ठीगंज निवासी पंकज चौरसिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पिता पुरुषोत्तम लाल चौरसिया (७५) आर्य कन्या चौराहे पर पान की दुकान चलाते हैं। शनिवार रात करीब १२:१५ बजे पिता-पुत्र दुकान बंद कर सामान समेट रहे थे। इसी दौरान मुट्ठीगंज के रहने वाले बच्चा नाम के युवक अपने दो साथियों के साथ दुकान पर पहुंचा। आरोप है कि युवक ने पहले भी दुकान से काफी सामान उधार लिया था, जिसका भुगतान नहीं किया था। रुपये मांगने पर वह विवाद करने लगा।आरोप है कि इसी दौरान बच्चा ने हाथ में पहने स्टील के भारी कड़े से पुरुषोत्तम लाल के सिर और माथे पर वार कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। पिता को बचाने पहुंचे पंकज पर भी तीनों ने हमला कर दिया। उनके सिर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। इसके बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को काल्विन अस्पताल पहुंचाकर उपचार कराया। हमले के बाद भयभीत दुकानदार ने अपनी दुकान बंद कर दी है।

ठप रहे दर्जनों फीडर, बिजलीकी समस्यासे लोग परेशान

त्योहारोंके मद्देनजर बिजली लाइनोंपर चल रहा कार्य

दशहरा एवं दुर्गापूजा पर्व के मद्देनजर बिजली विभाग ने मरम्मत कार्य तेज कर दिया है। अभी विद्युत उपकेन्द्रों पर विभिन्न बड़े बिजली घर से आने वाली बिजली लाइनों पर मरम्मत का कार्य पहले किया जा रहा हैं। इसमें बिजली लाइनों के उपकरणों को बदले जाने का कार्य किया जा रहा है। सुबह से न्यू खुसरोबाग विद्युत उपकेन्द्र से जुड़े इलाकों में बिजली लाइनों के उपकरणों को बदलने का कार्य किया गया। इस दौरान विद्युत उपकेन्द्र के फीडरों की बिजली आपूर्ति बंद रहने से लोगों के सामने बिजली की दिक्कत रही है। घंटों लोग बिना बिजली के परेशान रहे हैं। बिजली लाइनों पर कार्य के चलते बैदनटोला, काटजू रोड, डफरिन, मंसूर पार्क, एमएलएन, मरकरी, आरआरआई फीडर से जुड़े दर्जनों मोहल्लों में घंटों लोग बिना बिजली के परेशान रहे हैं।

पर्व के मद्देनजर बिजली विभाग द्वारा बिजली के तारों, खंभों और ट्रान्सफार्मर की मरम्मत का कार्य तेजी से किया जा रहा है। ताकि त्योहारों के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकें। इस दौरान ढीले और लटके हुए बिजली के तारों को कसा जाता है। साथ ही पुराने तारों को बदला जाता है। जिससे पूजा पंडालों और रामदल के मार्गो में कोई दुर्घटना की संभावना न बन सके। कार्य के दौरान हीं ओवरलोडिंग की समस्या से निबटने के लिए ट्रान्सफार्मर की चेकिंग की जाती है। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त क्षमता के ट्रान्सफार्मर लगाये जाते हैं। बिजली के तारों के पास मौजूद पेड़ों की टहनियों को काटा जाता है। जिससे हवा या बारिश के कारण तार टूटने की समस्या न हो सके। कमेटियों की मांग पर दुर्गा पूजा पंडालों को सुरक्षित और वैध बिजली कनेक्शन दिये जाते हैं। ताकि शार्ट सर्किट का खतरा न रहे। त्योहार के दौरान किसी भी आपातकालीन स्थिति या बिजली कटौती से निपटने के लिए २४ घंटे काम करने वाले विशेष कंट्रोल रूम और हेल्पडेस्क बनाये जाते हैं। जहां पर विद्युत व्यवधान की स्थिति पर तत्काल कर्मचारियों की टीम द्वारा बिजली की समस्या का निवारण किया जाता है। वहीं मरम्मत कार्य के चलते दर्जनों मोहल्लों सलोरी, गोविंदपुर, तेलियरगंज, छोटा बघाड़ा, सोहबतियाबाग, अल्लापुर, अलोपीबाग में बिजली आपूर्ति बाधित रही है। इसके अलावा बैरहाना, रामबाग, गऊघाट, मुट्ठीगंज, कटघर, कीडगंज, कल्याणी देवी, अतरसुइया, रानीमंडी में बिजली लाइनों के टिपिंग के चलते लोग परेशान रहे है।

शारदीय नवरात्र : रोडवेजमें कम दिखी भीड़, कई बसें निरस्त

शारदीय नवरात्रि पर विंध्याचल धाम जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए परिवहन निगम ने विशेष इंतजाम किये गये है। विंध्याचल धाम में दर्शन-पूजन के लिए १० चिन्हित मार्गो से दो सौ बसों के परिचालन की व्यवस्था की गयी है। पहले दिन रविवार को महात्मा गांधी मार्ग पर स्थित विद्यावाहिनी बस अड्डे पर यात्रियों की भीड़ कम रही। जिसके कारण रोडवेज को कई बसों को निरस्त तक करना पड़ा। शाम को अड्डे पर खड़ी बसों को भरने के लिए चालक एवं परिचालक परेशान दिये। अड्डे पर आधा दर्जन से अधिक बसें खड़ी रही और कर्मचारी आपस में बातचीत करते दिखे कि आखिर कहा से सवारियां लायी जाय। अधिकांश अनुबंधित बसों को संचालकों द्वारा निरस्त कर दिया गया। स्टेशन पर मात्र दस मिनट का ठहराव होने से प्रबंधन को बसों को आगे बढ़ाना पड़ा लेकिन सवारियों की कमी के कारण परिचालकों को लोड फैक्टर की चिंता सताती रही और सड़क के किनारे बसों को खड़ी करके सवारियां भरने रहे। दूसरी ओर नैनी के लिप्रेसी चौराहे पर बने जीरो रोड़ बस अड्डा पर भी अनुमानित यात्रियों की अपेक्षा बहुत कम भीड़ दिखी। बता लोड फैक्टर की करे तो देर शाम तक लोड फैक्टर संतोषजनक रहा है, जो कि लगभग ५७ फीसदी दर्ज किया गया है। शाम चार बजे तक अड्डे से विंध्याचल जाने वाले बसों की संख्या कुल ३२ रही। जो विभिन्न रूटों पर संचालित होती रही। यह व्यवस्था विंध्याचल और आसपास के अन्य क्षेत्रों (जैसे बागड़ धर्मशाला और जीरो रोड) में सुचारू रूप से बसों को संचालित की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार इस वर्ष नवरात्रि के अवसर पर पैसेंजर गाड़ियों और वाहनों की आवाजाही में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। कई डिपो में गाड़ियों के फेरे कम होने से संचालन प्रभावित हुआ है। यात्रियों की संख्या में भी गिरावट आई है। कुछ डिपो से तय संख्या से काफी कम गाड़ियां ही संचालित हो पा रही हैं और कई रूटों पर फेरे भी घटाए गए हैं। इस बार नवरात्रि के मौके पर स्थानीय स्तर पर लोग घरों के आसपास ही पूजा-पाठ और प्रतिमा स्थापित कर रहे हैं, जिससे मंदिरों में दर्शन के लिए जाने वाली भीड़ कम हुई है। यात्रियों की कमी के चलते लोड फैक्टर भी प्रभावित हुआ है। इसका सीधा असर बसों के संचालन पर देखा जा रहा है। बता दें कि मीरजापुर-वाराणसी कॉरिडोर, मीरजापुर-विंध्याचल-प्रयागराज रूट, मीरजापुर-राबर्ट्सगंज मार्ग, पूर्वांचल सेक्टर (मीरजापुर-जौनपुर-आजमगढ़) सहित अन्य विशेष मार्ग प्रतापगढ़, लालगंज, बादशाहपुर और कौशांबी के कड़ा धाम को विंध्य क्षेत्र से सीधे जोड़ने के लिए विशेष बसों का संचालन किया जा रहा है।

रेलवे प्रशासन चला रहा नवरात्र मेला स्पेशल ट्रेन

उत्तर मध्य रेलवे द्वारा विंध्याचल में आयोजित होने वाले शारदीय नवरात्र मेले के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्रयागराज जंक्शन और पटना जंक्शन के मध्य अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन चलायी जा रही है।

विंध्याचल स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ में नवरात्रि के दौरान लाखों श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुँचते हैं। यह स्पेशल ट्रेन पूर्वांचल और बिहार (पटना, आरा, बक्सर) से आने वाले भक्तों के लिए सीधे विंध्याचल पहुंचने का सबसे सुलभ माध्यम बन रही है। यह ट्रेन पूरी तरह अनारक्षित है, जिससे श्रद्धालु बिना किसी पूर्व आरक्षण के तुरंत टिकट लेकर अपनी यात्रा तय कर सकें। गाड़ी संख्या ०४१८२ (प्रयागराज-पटना) और गाड़ी संख्या ०४१८१ (पटना-प्रयागराज) अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन रविवार से शुरू हुआ। यह ट्रेन २६ अक्तूबर तक दोनों दिशाओंमें कुल १६-१६ फेरे लगायेगी।

संविदा चालकोंकी भर्तीके लिए रोजगार मेला आज

रोडवेज बसों के लिए संविदा चालकों की भर्ती की प्रक्रिया कई चरणों में की जा रही है। इसके लिए सोमवार को विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विशेष भर्ती के लिए १२ अक्टूबर सोमवार को जारी बस स्टेशन पर विशेष शिविर लगेगा। वहीं दूसरे दिन १३ अक्टूबर को मेजा रोड बस स्टैंड और १४ अक्टूबर को लेप्रोसी अस्थायी बस स्टेशन पर भर्ती शिविर लगेगा। एआरएम जयकरन प्रसाद के अनुसार संविदा चालक के लिए शैक्षिक योग्यता न्यूनतम कक्षा ८वीं उत्तीर्ण और शारीरिक माप न्यूनतम ५ फीट ३ इंच होनी अनिवार्य है। भारी वाहन का ड्राइविंग लाइसेंस कम से कम २ वर्ष पुराना वैध माना जायेगा। न्यूनतम २३ वर्ष ०६ माह तथा अधिकतम ५८ वर्ष आयु सीमा, आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम ६ माह पुराना जाति प्रमाण पत्र आवश्यक जरूरी है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए रु २५ तथा अन्य सभी श्रेणियों के लिए रु १०० नकद देय होगा। ड्राइविंग लाइसेंस, शैक्षिक अंकपत्र व आधार कार्ड में अभ्यर्थी तथा उनके पिता का नाम और जन्मतिथि समान होनी चाहिए। संविदा चालकों को रु २.१६ प्रति किलोमीटर के आधार पर भुगतान किया जाएगा। महीने में न्यूनतम २२ दिन ड्यूटी और कम से कम ५ हजार किमी बस संचालन पर तीन हजार रुपये अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि मिलेगी। लगातार ६ माह तक प्रतिमाह २२ दिन ड्यूटी करने पर १४ दिन का सवैतनिक अवकाश तथा रु ४,५०० का अतिरिक्त प्रोत्साहन दिया जाएगा। २ वर्ष की निरंतर सेवा एवं मानक पूर्ण कार्य पर रु १८,६८७ से रु २१,६८७ तक मासिक पारिश्रमिक देय होगा। नियमानुसार ईपीएफ लाभ तथा ड्यूटी के दौरान दुर्घटना या मृत्यु होने पर 'यात्री राहत योजना' आर्थिक सहायता एवं बीमा कवर प्रदान किया जाएगा। अभ्यर्थी को सभी मूल अभिलेखों एवं ३ सेट स्व-प्रमाणित छायाप्रतियों के साथ भर्ती स्थल पर पहुंचना होगा। प्रथम ट्रेड टेस्ट में सफल होने वाले अभ्यर्थियों को द्वितीय टेस्ट के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन संस्थान कानपुर भेजा जाएगा।

दोनों ट्रेड टेस्ट पास करने के बाद चालकों से दो हजार रुपये की प्रतिभूति धनराशि जमा कराकर अनुबंध निष्पादित किया जाएगा।

सपाइयों ने मनायी लोकनायक जयप्रकाश नारायणकी जयंती

समाजवादी विचारधारा के प्रखर चिंतक, स्वतंत्रता सेनानी एवं संपूर्ण क्रांति के प्रणेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के मौके पर रविवार को सपाइयों ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके विचारों और संघर्षों को याद किया।

सपा महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन के नेतृत्व में सुबह



मनमोहन पार्क स्थित उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सपा के जिला कार्यालय जार्ज टाउन मे गोष्ठी आयोजित कर वक्ताओं ने कहा कि जयप्रकाश नारायण का संपूर्ण जीवन लोकतंत्र, सामाजिक न्याय, जन अधिकारों और भ्रष्टाचारमुक्त व्यवस्था की स्थापना के लिए समर्पित रहा।

जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि जयप्रकाश नारायण ने देश की आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। लोकतंत्र की मजबूती, संविधान की रक्षा, सामाजिक समानता और जनता के अधिकारों के लिए उनके आदर्शों को अपनाना आवश्यक है।

इस मौके पर संकल्प लिया गया कि जयप्रकाश नारायण के विचारों को जन-जन तक पहुंचाकर लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय और जनहित की लड़ाई को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा।

कार्यक्रम में रविन्द्र यादव एडवोकेट, अमर नाथ मौय, डा. एसपी पटेल, दान बहादुर मधुर, दूध नाथ पटेल, महेन्द्र निषाद, तारिक सईद अज्जू, महबूब उस्मानी, दिलीप सोनी, आरएन यादव, सचिन श्रीवास्तव, संगम लाल, संजू यादव, नाटे चौधरी, मेजर दिनेश यादव, संतोष यादव, देवीलाल, ओपी पाल, राजेश सोनकर, मो युसूफ, सुरेश श्रीवास्तव, नीरज पासी, राम चंद्र, नन्हे मंसूरी, अमर जीत, सुधीर निषाद, मृत्युंजय पांडे, हरीशचंद्र, योगेश पाण्डेय, विजय अग्रवाल, मो सऊद, मो हसीब आदि मौजूद रहे।

चिकित्सा क्षेत्रमें बेहतर उपचारके लिए गुणवत्तापूर्ण शोध आवश्यक-प्राचार्य

चिकित्सा क्षेत्र में बेहतर उपचार और नीतिगत निर्णयों के लिए गुणवत्तापूर्ण शोध बहुत जरूरी है। शोधकर्ताओं को आंकड़ों का सही विश्लेषण करने और अपने निष्कर्षों को वैज्ञानिक तरीके से प्रस्तुत करने की पूरी जानकारी होनी चाहिए। उक्त बातें मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. एके वर्मा ने एमआरयू की ओर से डीएचआर-आईसीएमआर के अंतर्गत शोध, आंकड़ों के विश्लेषण एवं शोध पत्र प्रकाशन पर आयोजित कार्यशाला के दौरान कहीं।

इंडियन जर्नल आफ मेडिकल रिसर्च के सहयोग से हुयी इस कार्यशाला में शोध पत्रों की समीक्षा और प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में उनके प्रकाशन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। कार्यशाला का उद्देश्य शोधकर्ताओं को आंकड़ों की सही व्याख्या, शोध परिणामों के विश्लेषण और उन्हें प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के तरीकों से रूबरू कराना था। विभिन्न सत्रों में यह भी बताया गया कि शोध पत्रों की समीक्षा के दौरान संपादक एवं समीक्षक किन मुख्य पहलुओं पर ध्यान देते हैं। कार्यशाला में कुल ३५ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें एमएलएन मेडिकल कालेज,आइएमएस-बीएचयू, एम्स रायबरेली एवं जीएमसी चंडीगढ़ के शिक्षक शामिल रहे।

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधकने किया विंध्याचल स्टेशनका निरीक्षण

शारदीय नवरात्र मेला के दृष्टिगत उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मण्डल द्वारा विंध्याचल में ११ से २६ अक्तूबर तक आयोजित श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए व्यापक प्रबंध किये गये हैं। रविवार को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हरि मोहन ने विंध्याचल स्टेशन का निरीक्षण करके मेला अवधि के दौरान यात्रियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए स्टेशन पर टिकट, पेयजल, शौचालय, खानपान, चिकित्सा एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। यात्रियों को सुगमता से टिकट उपलब्ध कराने के लिए स्टेशन पर तीन अनारक्षित टिकट काउंटर एवं एक पूछताछ केंद्र संचालित हैं। आरक्षित टिकट काउंटर दो शिफ्ट में कार्य कर रहा है। टिकट संबंधी कार्यों के लिए आठ अतिरिक्त कर्मचारियों की व्यवस्था, यात्रियों की सहायता एवं टिकट जांच के लिए २० अतिरिक्त चेकिंग स्टाफ की तैनाती की गयी है। यात्रियों की आवश्यकता के अनुसार ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित किया गया है। १५ पुरुष एवं १५ महिला शौचालयों तथा अस्थायी यात्री शेड की व्यवस्था की गयी है। स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में खोया-पाया केंद्र बनाया गया है। चिकित्सा एवं आपातकालीन सहायता के लिए स्टेशन पर सेंट जान एम्बुलेंस ब्रिगेड, नागरिक सुरक्षा संगठन, भारत स्काउट एवं गाइड, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र तथा राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सा की व्यवस्था उपलब्ध है। आपात स्थिति से निपटने के लिए एम्बुलेंस भी उपलब्ध है।

सदर तहसील लेखपाल संघ के प्रतीक बने अध्यक्ष



सदर तहसील सभागार में रविवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की उप शाखा सदर की कार्यकारिणी की गठन हुआ। जिला कनिष्ठ उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार चौधरी एवं लेखा परीक्षक रितेश कुमार सिंह(चुनाव अधिकारी) की देखरेख में द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रतीक पांडेय पुनः तीसरी बार अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने गये। इसी क्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष यादव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल मौय, मंत्री महेश मिश्र, उपमंत्री हरीश कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष अखिलेश कुमार एवं आय व्यय निरीक्षक सोनाली सिंह को भी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

अग्रहरि समाजने महाराजा अग्रसेनकी मनायी जयन्ती

पदाधिकारियोंने एकजुटताका लिया संकल्प

अग्रहरि समाज जिला प्रयागराज के तत्वावधान में स्वास्तिक भवन थार्नहिल रोड पर जिलाध्यक्ष विजय गुप्ता की अध्यक्षता में महाराजा अग्रसेन जयन्ती मनाते हुए उनके आदर्शों पर चलकर समाज को एकजुट करने का संकल्प लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि व अग्रहरि समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विदुप अग्रहरि महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप ने प्रज्ज्वलन करके करते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन को कुशल योद्धा, दीन दुखियों पर दया करने वाले, सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठकर सबके हितार्थ शासन किया, उनके शासन में प्रजा सुखी थी, अपराध शून्य था, महिलाएं सुरक्षित व सम्मान जनक जीवन व्यतीत करती थीं, उनके वंशज होने के नाते उनसे प्रेरणा लेकर समाज को नयी दिशा देने का हम सभी को संकल्प लेना होगा।

कार्यक्रम मे संरक्षक सुनील अग्रहरि व बंसीलाल एवं धर्मेंद्र अग्रहरी ने कहा कि जिला प्रयागराज में अग्रहरि समाज निरन्तर महिला उत्थान, गरीब बच्चों की बिना दहेज शादी, खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को प्रगति करने हेतु प्रोत्साहित करना, समाज को दिशा देने वाले सम्मानित लोगों को तथा बुजुर्गों को सम्मानित करने जिससे आने वाली पीढी संस्कारित हो जैसे अनेक कार्यक्रम चला रहा हौ जो भविष्य में अग्रहरि समाज के लिए प्रेरणा देगा। समाज में एकजुटता आएगी।

इस मौके पर विनय अग्रहरि, संतोष अग्रहरि, शिवप्रसाद अग्रहरि, ओम प्रकाश अग्रहरि, बी के गुप्ता, अमित, सुधीर सोनी रत्ना, सुन्दर लाल, ओम प्रकाश, कृष्णा शारदा, लव कुश, जगदीश, सुंदरलाल आदि उपस्थित रहे।

बाइक सवारोंको टक्कर मारनेके बाद पुलिससे नोकझोंक

खुल्दाबाद पुलिसने कार सवार चार युवकोंको पकड़ा

खुल्दाबाद में रविवार शाम कार सवार युवकों की दबंगई से अफरातफरी मच गई। मर्करी चौराहे के पास पहले दो बाइक सवारों को टक्कर मारने और फिर पुलिसकर्मियों पर कार चढ़ाने की कोशिश किए जाने का आरोप है। हालात तब और बिगड़ गए, जब कार रोकने की कोशिश कर रहे एक सिपाही पर कार चढ़ाने की कोशिश की गयी। इसके बावजूद चालक ने कार नहीं रोकी और आगे बढ़ता रहा। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी से भी कार सवार युवकों की तीखी नोकझोंक हुई। घटना के बाद इलाके में करीब आधे घंटे तक हंगामे की स्थिति बनी रही। घटना रविवार देर शाम की है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार में चार युवक सवार थे, जिनकी उम्र करीब २२ से २५ वर्ष के बीच थी। नूरुल्ला रोड की ओर से खुल्दाबाद की ओर से कार ने दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी। आरोप है कि इसके बाद बाइक को कुचलने की कोशिश भी की गई। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने कार को रोकने का प्रयास किया तो चालक ने गाड़ी आगे बढ़ा दी। इस दौरान एक सिपाही पर कार चढ़ाने का प्रयास किया गया। सूचना पर खुल्दाबाद थाना प्रभारी केशव मौके पर पहुंचे। इस दौरान कार सवार युवकों और पुलिस के बीच तीखी बहस हुई। जिसके बाद पुलिस कार को कब्जे में लेकर करेली निवासी सभी चारों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। आरोप है कि रोकने की कोशिश करने पर भी चालक ने कार नहीं रोकी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। घटना के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई, अफरातफरी और पुलिसकर्मियों के साथ नोकझोंक के बीच कई लोग मदद के लिए आगे आने के बजाय मोबाइल फोन से वीडियो बनाते रहे। खुल्दाबाद थाना प्रभारी केशव वर्मा ने बताया कि मामले में कार को सीज कर मामले की जांच की जा रही है।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३४८)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाषः २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।

नागलोककी थीमपर तैयार हो रहा कटघर बारवारीका दुर्गापूजा पण्डाल

नाग सिंहासनपर विराजित होंगी जगत जननी नागेश्वरी मां दुर्गाणी

श्री प्रयागेश्वर नाथ समाज उत्थान समिति की ओर से २३वें दुर्गा पूजा महोत्सव के तहत कटघर बारवारी का विशाल पण्डाल दुर्गापूजा पार्क काशी राजनगर कटघर में नागलोक के थीम पर भव्यता के तैया किया जा रहा है।

दुर्गापूजा की तैयारी को लेकर कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक केसरवानी ने बताया कि इस वर्ष कटघर बारवारी नाग लोक के थीम पर सजाया जा रहा है जो भक्तों को दूर से ही आकर्षित करेगा। पण्डाल की सजावट लगभग दो महीने से कोलकाता से आये कारीगर कर रहे हैं। नाग लोक के पण्डाल में जगत जननी मां नागेश्वरी दुर्गा नाग सिंहासन पर विराजित होंगी और भक्तों को नवरात्रि की षष्ठी दिवस १६ अक्तूबर को षष्ठी पूजन, मां के आह्वान के उपरांत दर्शन देंगी। इससे



पूर्व १५ अक्तूबर महापंचमी को बोधन विधि विधान के अनुसार कलश पूजा गणेश जी का पूजन किया जाएगा और सप्तमी, अष्टमी एवं नवमी-दशमी दिवस की पूजन पुष्पांजलि, संध्या आरती, प्रसाद भोग प्रतिदिन लगाया जाएगा। बताया कि १९ अक्तूबर महा अष्टमी के दिन संधि पूजा, २० अक्तूबर दशमी को हवनख २१ अक्तूबर एकादशी पर सिंदूर उत्सव, प्रतिमा विसर्जन और प्रसाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि नाग लोक पण्डाल की सजावट जानकारी देते हुए बताया कि पण्डाल मुख्य द्वार पर शिवलिंग की आकृति दिखाया गया है, पण्डाल में प्रवेश करते ही शानदार हल्की रंग बिरंगी लाइटिंग का प्रयोग किया गया है। जैसे ही भक्त पण्डाल में प्रवेश करेंगे उन्हें पाताल लोक की अनुभूति महसूस होगी और छतपर लटकते हुए छोटे-छोटे नाग और शिवलिंग की आकृति दिखाई देगी। पण्डालमें नागवासुकि, शेषनाग, नागकन्या, मां दुर्गा द्वारा नागों की वरदान की झांकियां सजाई जा रही है जो भक्तों को मन को लुभाएगी।

बेलीमें डेंगूके चार मरीज भर्ती, बढ़े संदिग्ध

तीन अलग-अलग वार्डमें मरीज भर्ती, एसआरएन का डेंगू वार्ड भरा

अक्टूबर का दूसरा सप्ताह बीतने को है पर जनपद में डेंगू की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रहा है। टीबी सप्रू चिकित्सालय बेली अस्पाल में रविवार को डेंगू संक्रमित चार मरीज भर्ती मिले। शनिवार को आधिकारिक भर्ती मरीजों की संख्या सात थी। हलांकि अस्पताल में डेंगू के सदिग्ध मरीजों को अस्पताल के तीन अलग-अलग वार्ड में भर्ती किया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से सभी वार्ड में मरीजों के बेड पर मच्छरदानी लगा दी गयी है। वहीं एसआरएन अस्पताल में ३० बेड का आरक्षित डेंगू वार्ड रविवार को भर गया। कर्मचारियों के अनुसार अधिकांश मरीज संदिग्ध है, जिनकी जांच की रिपोर्ट सोमवार को आने के बाद ही पता चल पायेगा। सरकारी आकड़ों के अनुसार अभी तक कुल १२९ मरीजों की पुष्टि हुयी है। हालांकि सरकारी आकड़ों के उलट निजी अस्पतालों में डेंगू के लगभग २०० से अधिक मरीज भर्ती हैं। सीएमओ डा. एके तिवारी के अनुसार अधिकतर मरीज महानगर के निचले इलाकों के ही पाये जा रहे हैं। प्रभावित इलाकों में सर्विलांस, एंटी लार्वा छिड़काव एवं फागिंग लगातार करायी जा रही है।

शारदीय नवरात्रके प्रथम दिन गंगा घाटोंपर चला स्वच्छता अभियान

शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन रविवार को गंगा विचार मंच के स्वयंसेवकों ने गंगा तटीय इलाकों में विशेष स्वच्छता एवं सिंगल यूज पालीथिन मुक्त अभियान चलाया गया। अभियान की शुरुआत दशाश्वमेध घाट से हुई। मंच की प्रांत संयोजक अनामिका चौधरी ने घाट पर स्नान कर रहे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों से कहा कि शारदीय नवरात्र शुरू हो चुका है, हम सभी के घरों में मां दुर्गा का आगमन हो गया है। हम नव दुर्गा शक्ति की आराधना के साथ-साथ मां गंगा के तटों पर साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखें। लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि 'एक मां को प्रसन्न कर दूसरी मां गंगा को नाराज नहीं करना चाहिए। मां पर चढ़े पुराने माला-फूल, कपड़े, चुनरी आदि को माँ गंगा में कदापि विसर्जित नहीं करना चाहिए। पूजन सामग्री को निर्धारित कूड़ेदान में ही डालें और पालीथिन का उपयोग बिल्कुल न करें।'